EDII

Bulandvani

November 30, 2023

कर्णप्रयाग महाविद्यालय में आयोजित हुआ दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

चमोली, कर्णप्रयाग। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप आयोजित हुआ। कैंप के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो.के.एल. तलवाड़ ने अतिथियों के स्वागत संबोधन में कहा कि राज्य सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान,अहमदाबाद के सहयोग से संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना का लक्ष्य उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार निमार्ता के रूप में विकसित करना है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से आए अभिषेक नंदन एवं गौतम कुमार ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। कर्णप्रयाग क्षेत्र के स्थानीय उद्यमी अंशुल भट्ट, कर्ण भट्ट एवं डॉ.सुशील चंद्र सती ने अपनी उद्यम विकास यात्रा के द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

दो दिवसीय कैंप के समापन के दौरान जिला उद्योग केंद्र से बद्री सती जी एवं जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व उद्यमी विनोद नेगी ने उत्तराखंड में उद्यम के अवसर के बारे में बताया। प्रो. भारती सिंघल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश बहुगुणा ने किया। डॉ. मदन लाल शर्मा, विजय कुमार एवं हिना नौटियाल ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सत्र में डॉ.तौफीक अहमद, डॉ. डी.एस.राणा,डॉ.चंद्रमोहन जनस्वाण,श्री जितेन्द्र आदि उपस्थित रहे।